तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 28 जून 2025

02 प्रवेशोत्सव व विधाई समारोह में खैरी शाला में दिखा उल्लास

04 'नल जल आंदोलन' का आगाज, स्वच्छ ...







## खबर संक्षेप

### बनसांकरा में सोसायटी पदाधिकारियों ने किया वृक्षारोपण



**सिमगा।** ग्राम पंचायत बनसांकरा में आज प्राथमिक कृषि शाखा सहकारी समिति के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षा रोपण किया।साथ ही उस पौधा को वृक्ष बनाने तक का संकल्प लिया गया। समिति के समस्त पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि के द्वारा कुल 20 पौधें लगाए गए। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से क्षेत्र के जनपद सदस्य जितेंद्र बंजारे, भाजपा मंडल महामंत्री योगेश राहुल साहू, समिति प्रबंधक सतीश महिलांग, पूर्व सरपंच अभिषेक साहू पूर्व सरपंच रामबिलास साहू ,ग्राम पटेल मीनाराम साहू, विनोद वर्मा, नरेश साहू, कृपाल साहू, लक्की साहू, टोपलाल वर्मा, योगेश शुक्ला, लेखराम मनहरे, खिलेश्वर साहू, एवं समिति के कर्मचारी व कृषक उपस्थित रहे।

### लवन में निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का शुभारंभ



**बलौदाबाजार।** राज्य शासन के निर्देश एवं कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा परियोजना लवन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अतंर्गत किशोरी बालिकाओं को ब्यूटी पार्लर का 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। इस निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण में शाला त्यागी सभी किशोरी बालिकाएं शामिल हो सकती हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं के लिए रोजगार सृजन कर अपने दैनिक जीवन की जरूरत को पूरी एवं आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकती हैं। कार्यक्रम में जिला महिला संरक्षण अधिकारी मंजू तिवारी, जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न, वित्तीय साक्षरता कौशल्या सोनवानी, लवन परियोजना पर्यवेक्षक प्रमिला पटेल, देवकी सहित बालिकाएं उपस्थित थीं।

### मोहतरा में लगा नशा मुक्ति अभियान शिविर





**कसडोल।** विकासखंड के समीपस्थ ग्राम मोहतरा (क) मे सरपंच गोरेलाल पैकरा की अध्यक्षता में नशा मुक्तिकरण अभियान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे पंचायत के पंचो सहित बडी संख्या मे ग्रामीण महिलायें तथा पुरुष सम्मिलित हुए। जहां नशा करने से होने वाले नुकसान तथा पारिवारिक कलह से अशांत हो रहे समाजिक समरसता पर पड रहे बुरा प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित जन समुदाय ने गांव को नशा मुक्त करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के कृष्णकांत पांडे पेन्शन शाखा ▸▸ शेष पेज 2 पर

**रथयात्रा :** श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह, मावली चौक से हुई रथयात्रा की शुरुआत

# धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा व आस्था से भाव विभोर लोगों ने खींची रथ की रास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

शुक्रवार 27 जून को शहर में भगवान जगन्नाथ की पारंपरिक भव्य रथयात्रा पूरे श्रद्धा, उल्लास और धूमधाम के साथ निकाली गई। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रथयात्रा की शुरुआत शाम 4 बजे मावली चौक से हुई। इस दौरान सुसज्जित रथों पर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की मूर्तियों को विराजित किया गया। रथयात्रा के मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया। आयोजन समिति द्वारा अंकुरित चने - मूंग व शक्कर का प्रसाद भी श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया।

रथ को स्पर्श कर रस्सी खींचने का सौभाग्य पाने श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। परंपरा अनुसार मान्यता है कि ऐसा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। रथयात्रा मार्ग पर आकर्षक झांकियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी श्रद्धा का केंद्र बने रहे।

शहर व आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए थे।



### ओटगन में निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**सिमगा।** ग्राम ओटगन में आज श्रीराम सेवक परिवार द्वारा बड़े ही धुमधाम के साथ प्राचीन राम जानकी मंदिर से रथयात्रा निकाला गया। सरपंच हिमांशु तिवारी ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर रथ खिंच कर रथयात्रा प्रारंभ किया। तत्पश्चात भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा ▸▸ शेष पेज 02 पर



## शिवरीनारायण में भक्तिभाव से निकली भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा

**गिधौरी।** धर्म एवं आध्यात्म की पावन धरा शिवरीनारायण में जगदीश रथ यात्रा का पावन पर्व बड़े ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया पूरे दिन भर श्रद्धालुओं का मठ मंदिर में भगवान जगन्नाथ जी के दर्शन के लिए बड़ी भीड़ लगी हुई थी। हवन पूजन संपन्न होने के पश्चात शाम 4 बजे भगवान जगन्नाथ जी, सुभद्रा जी, और श्री बलभद्र जी को रथ पर सवार किया गया। नर नारायण मंदिर के सामने भगवान की विधिवत पूजा अर्चना श्रद्धालु भक्तों के द्वारा की गई तत्पश्चात रथ यात्रा मध्य नगरी चौक, पुरानी हटरी, हनुमान मंदिर, मेला ग्राउंड होते हुए जनकपुरी (जोगी डीपा) के ▸▸ शेष पेज 02 पर





### नगर वासियों के द्वारा भगवान की पूजा अर्चना

भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा नगर के जिन चौक चौराहों से होकर गुजरती गई नगर के सभी लोगों ने भगवान का सपरिवार दर्शन पूजन करके अपना जीवन धन्य बनाया।

### तुस्मा ग्राम से आई कीर्तन मंडली

शिवरीनारायण समीपस्थ ग्राम तुस्मा की कीर्तन मंडली ने रथ यात्रा में भगवान का संकीर्तन प्रस्तुत किया- हे कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा तथा श्री राम जय राम जय जय राम के धुन से पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। कीर्तन मंडली में तिलक कुम्हार, भोला राम साहू, बलराम पटेल, संतू कुम्हार, गोविंद साहू, अर्जुन प्रधान सहित कीर्तन मंडली के सभी सदस्य सम्मिलित थे।

## लटूरिया मंदिर से निकली भगवान श्री जगन्नाथ की 122वीं भव्य रथयात्रा

**भाटापारा।** नगर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान बन चुकी ऐतिहासिक लटूरिया मंदिर से शुक्रवार 27 जून को भगवान श्रीजगन्नाथ, श्री बलभद्र और माता सुभद्रा की भव्य रथयात्रा परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। चंदन काष्ठ से निर्मित इन दिव्य मूर्तियों की स्थापना वाले इस प्राचीन मंदिर से रथयात्रा का आयोजन लगातार 122 वर्षों से हो रहा है, जो नगर की सबसे पुरानी और ऐतिहासिक धार्मिक परंपराओं में से एक है।



रथयात्रा से पूर्व मंदिर परिसर में भगवान श्री जगन्नाथ की महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण किया गया। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे विधिवत पूजन-अर्चन के साथ रथयात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई।

जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे मौजूद कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, मंदिर के पुजारी जगदीश वैष्णव, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने खींचा रथ

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने स्वयं रथ की रस्सी थामकर भगवान का रथ खींचा और पुण्य लाभ अर्जित किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि नगर की सांस्कृतिक चेतना, एकता और धार्मिक परंपरा की अनमोल धरोहर है। उन्होंने आयोजन समिति एवं श्रद्धालुओं की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

### सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

रथयात्रा में नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तगण रथ को खींचने के लिए आतुर नजर आए। मान्यता है कि रथ खींचने से पुण्य की प्राप्ति होती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इस दौरान नगर की सड़कों पर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत माहौल देखने को मिला।

## सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्ति को एसडीएम ने पहुंचाया अस्पताल





हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर की ओर से आ रही ट्रेलर वाहन क्रमांक सी जी 10 बी टी 2510 का अचानक गो हाईवे रेस्टोरेंट के समीप अचानक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया । जिससे वाहन चालक घायल हो गया । हाईकोर्ट से वापस आ रहे सिमगा एसडीएम अंशुल वर्मा एवं पटवारी सिकेश ध्रुव की नजर अचानक सड़क दुर्घटना में पर पड़ी तो उन्होंने अपनी कार रूकवाकर घायल वाहन चालक कृष्णा यादव को तुरंत ही अपने कार में बिठाकर ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा में भर्ती कराया ।

## बेल्दार सिवनी में नाबालिग की हत्या से सनसनी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

खरोरा के समीप ग्राम बेल्दार सिवनी के टोर्रा तालाब के पास एक युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई किसी ने युवती की लाश होने की पुलिस को सुचना दी पुलिस मौके पर पहुंची जहां जांच के दौरान पाया कि किसी ने धारदार हथियार से वार कर सिर पर पत्थर पटक कर हत्या होना पाया पुलिस अब इस हत्याकांड के मामले के जांच मे जुटी है ।

प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस को सूचना मिली की बेल्दार सिवनी गांव के टोर्रा तलाब के पास एक युवती मृत हालत मे पडी हुई है सूचना पाकर पुलिस पहुची तो देखा कि किसी ने युवती को पत्थर व किसी धारदार हथियार से वार कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस सर्व प्रथम मृतका के पहचान के किये तो पता चला कि नाबालिग युवती ग्राम बेल्दार सिवनी की रहने वाली थी जो कल से घर से लापता थी जिसे परिजन तलाश रहे थे, कुछ ग्रामीणों ने बताया कि युवती को अन्य युवक के साथ कल मोटर सायकल मे जाते हुए देखा गया इन सब के बीच मामले की गंभीरता को देखते हुए खरोरा पुलिस ने रायपुर के फारेसिंक टीम को बुला कर मदद ली, मृतका के सिर पर व अन्य जगहो पर धारदार हथियार के निशान है वही सिर पर पत्थर से वार करने की बात कही जा रही है ▸▸ शेष पेज 02 पर

## साइबर ठगी को अंजाम देने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

प्रार्थी सजन सिंह पटेल निवासी वीर शिवाजी वार्ड बलौदाबाजार द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 22 मई से 10 जून 2024 के मध्य आरोपी मोबाइल नंबर धारकों द्वारा विभिन्न मोबाइल नंबर से ऑनलाइन ट्रेडिंग प्रशिक्षण कोर्स के नाम पर प्रार्थी से कुल 25,58,317 रु विभिन्न खातों में जमा करवा कर धोखाधड़ी किया है कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध ▸▸ शेष पेज 02 पर

- ऑनलाइन ट्रेडिंग प्रशिक्षण कोर्स के नाम पर आरोपियों से की ठगी

### आरोपियों के नाम

- राहुल उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम लालपुर थाना बकेवर जिला इटावा उत्तर प्रदेश वर्तमान पता गली नंबर 1 वार्ड नंबर 46 गुरुनानक बस्ती श्रीगंगानगर थाना जवाहर नगर जिला श्रीगंगानगर राजस्थान
- अंकित मोदी उम्र 35 वर्ष निवासी मकान नंबर 87 हनुमान मंदिर के पास एल ब्लॉक श्रीगंगानगर जिला श्रीगंगानगर राजस्थान वर्तमान पता बालाजी धाम गली श्री गंगानगर थाना सदर श्रीगंगानगर जिला श्रीगंगानगर राजस्थान

### 25,58,317 रुपए की धोखाधड़ी

उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच विवेचना कार्यवाही करते हुए धोखाधड़ी के दौरान उपयोग किए गए बैंक खाता नंबर आदि दस्तावेज प्राप्त किया गया, जिसके आधार पर पता चला कि प्रार्थी के साथ आनलाइन धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों द्वारा इसी प्रकार की घटना को अंजाम जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा में दिया गया है, जिस पर साइबर थाना कुरुक्षेत्र में दर्ज अपराध में 02 आरोपी राहुल एवं अंकित मोदी हरियाणा के कुरूक्षेत्र जेल में निरुद्ध है। कि प्रकरण में पुलिस द्वारा जिला जेल कुरुक्षेत्र से दोनों आरोपियों को न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों से विस्तृत पूछताछ किया गया जिसमें आरोपियों द्वारा शेयर ट्रेडिंग ऑनलाइन प्रशिक्षण कोर्स के नाम पर विभिन्न तिथियों में प्रार्थी से 25,58,317 रकम की धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण विवेचना में है।

**66 वाहन चालकों से 26,600 समन शुल्क वसूल**

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस की सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख़्ती से कार्यवाही की जा रही हैं। सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।



इसी क्रम मे दिनांक 26 जून को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 21 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 6300 समन शुल्क वसूला गया है।

हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 29 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 15,000 समन शुल्क वसूल किया गया है। दिनांक 26 जून को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल वाहन चालकों के विरुद्ध 66 कार्यवाही कर 26,600 समन शुल्क वसूल किया गया है।

### यातायात के नियमों का करें पालन: पुलिस

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख़्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

## खबर संक्षेप

### दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर की बीमा राशि न देने पर बीमा कंपनी दोषी करार

**बलौदाबाजार** । बीमा कम्पनी द्वारा दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर की बीमा क्षतिपूर्ति की राशि नहीं देने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने बीमा कंपनी क़ो सेवा का दोषी मानते हुए सर्वेयर द्वारा निर्धारित राशि 305865 रूपए सहित अन्य व्यय भुगतान करने आदेश पारित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक खोजराम कोशले ने एक मैसी ट्रैक्टर फायनेंस कराकर कय किया था उक्त वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिस पर वाहन की मरम्मत पर आने वाले खर्च एवं बीमा राशि हेतु बीमा कंपनी के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत किये गये परंतु कंपनी द्वारा बीमा पॉलिसी की शर्तों का परिपालन नही किये जाने के कारण आवेदक का दावा निरस्त कर दिया गया। आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत करने पर आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल व सदस्य हरजीत सिंह चांवला एवं शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजो, बीमा पालिसी एवं किए गए तर्को का सूक्ष्मता से परीक्षण उपरांत बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बजाज अलियांज जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड रायपुर को सर्वेयर द्वारा निर्धारित राशि 305865 रुपये एवं मानसिक तथा आर्थिक क्षति के रूप में 10,000 एवं वाद व्यय के रूप में 5,000 रूपये आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया है।

### बस की टक्कर से सायकल सवार घायल

**महासमुंद**। नगर में बीएसएनएल ऑफिस के पास एक सायकल सवार को बस ने टक्कर मार दी। मामले की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस प्रार्थिया कुंती साहू ने बताया कि 25 जून की सुबह 10.30 बजे उसकरे पति जनेंद्र कुमार साहू अपनी सायकल से नगर पालिका ऑफिस महासमुंद काम से आये थे। काम कराने के बाद लगभग 11 बजे वे घर वापस लौट रहे थे इसी दौरान बीएसएनएल ऑफिस के सामने बरोंडा चौंक से कांग्रेस चौक की ओर रही सूर्यपुत्र बस क्रमांक सीजी 09 एफ 0134 के चालक ने अपने वाहन को तेजी से खतरनाक एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर जनेंद्र कुमार साहू के सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में जनेंद्र साहू के कमर में चोट लगी। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धार 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## पर्व : धूमधाम से मनाया गया भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का त्यौहार

# रिमझिम बारिश के बीच रथ में नगर भ्रमण पर निकले भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

पारंपरिक रूप से मनाया जाने वाला यह रथ यात्रा का त्यौहार 27 तारीख शुक्रवार को मनाया गया भगवान जगन्नाथ जी की पूजा के लिए श्रद्धालु सुबह से श्रद्धा पूर्वक विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करते रहे वहीं ग्राम चिरपोटा में बग्गू वैष्णव के यहां मंदिर में विराजमान भगवान जगन्नाथ बलभद्र सुभद्रा की दर्शन के लिए आसपास के गांव कोलिहा, जामडीह, मुंडा, सरवाडीह के लोग की भीड़ भगवान के दर्शन के लिए लगी रही।

फूल पुष्पमाला श्रीफल गुलाल लगाकर पूजा अर्चना किया गया और शाम को रिमझिम बारिश के बीच रथ में बैठकर गांव भर शोभा यात्रा के लिए घुमाया गया बड़े तालाब के राधा कृष्ण मंदिर में बिठाकर पूजा अर्चना किया गया और पुनः वापस मोटू महाराज के मंदिर में लाकर विराजित किया गया। सभी श्रद्धालुओं को चना, ऊडद दाल, गुड की प्रसाद वितरण किया गया।

**ये रहे उपस्थितः** रथ यात्रा में सम्मिलित मोरध्वज वर्मा, यावत वर्मा, सुरेश वर्मा, रामगोपाल राधा कृष्ण वर्मा,फूलेस, अमरनाथ, किसन, वेद प्रकाश, अमित, ओम प्रकाश, यशवंत, बृजमोहन, रवि, मनीष, अमित, तुलाराम, सूरित, धनेश, देवकरण, अरुण, श्याम रतन, धर्मेंद्र, दौऊलाल, चैतराम, लेखराम, जानिक, इंदल, पुनाराम सहित ग्रामवासी सम्मिलित रहे ।



### धूमधाम से निकाली गई रथ यात्रा, बांटा गया गजामूंग प्रसाद



खरोरा । क्षेत्र सहित खरोरा आसपास के गांव में भगवान जगन्नाथ की रथयात्र धूमधाम से निकाली जयकारे से पूरा गई। ग्रामीण द्वारा गली भ्रमण के लिए रथ बनाया गया था। रथ को सजाकर भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम तथा बहन सुभद्रा को ग्राम में भ्रमण कराया गया। गांधी चौक बालाजी मंदिर से निकली। इस दौरान लोग रथ खींचकर निहाल हुए। रास्ते भर भगवान के जयकारे और झूमते गाते हुए लोगों का जत्था चल रहा था। जिस स्थान से यह यात्र गुजर रही थी, वहां का माहौल भक्तिमय हो जा रहा था। किसानों ने अपनी अच्छी फसल और गांव की खुशहाली के लिए भगवान जगन्नाथ की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की। पंडित धनंजय शर्मा ने बताया कि पद्म पुराण के अनुसार, भगवान जगन्नाथ की बहन ने एक बार नगर देखने की इच्छा जताई। तब जगन्नाथ और बलभद्र अपनी लाडली बहन सुभद्रा को रथ पर बैठाकर नगर दिखाने निकल पड़े। इस दौरान वे मौसी के घर गुंडिचा भी गए और यहां सात दिन ठहरे। तभी से जगन्नाथ यात्र निकालने की परंपरा चली आ रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

### सुहेला में निकली भव्य रथ यात्रा, श्रद्धा समरसता और उत्साह का अद्भुत संगम




सुहेला । ग्राम सुहेला में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने बाजे-गाजे के साथ रथ यात्रा में भाग लिया। भगवान के रथ को गाँव की गलियों में भ्रमण कराया गया, जहाँ श्रद्धालुओं ने अपने घरों से निकलकर दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। यात्रा के दौरान भक्तों ने नारियल, चावल, फूल, अगरबत्ती, दीप आदि से भगवान की पूजा की। फलों सहित विभिन्न पूजन सामग्री भगवान को अर्पित की गई। प्रसाद स्वरूप चना, मूंग और गुड़ से का वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा से ग्रहण किया। यह धार्मिक यात्रा ग्राम सुहेला में लगातार पिछले 22 वर्षों से आयोजित की जा रही है और प्रत्येक वर्ष इसकी भव्यता में वृद्धि हो रही है। आयोजकों के अनुसार इस रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में शांति, एकता और समरसता का संदेश देना है। भगवान जगन्नाथ को 'जगत के नाथ' कहा जाता है, जो किसी में भेदभाव नहीं करते। इसी भावना के साथ यह यात्रा आयोजित की जाती है, ताकि सभी लोग मिल-जुलकर प्रेमपूर्वक जीवन व्यतीत करें। ग्रामवासियों की श्रद्धा और सेवा भावना ने इस आयोजन को अत्यंत सफल और भव्य बनाया।

## कटगी में धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**कटगी** । आदर्श ग्राम पंचायत कटगी में भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा बुधवार को पूरे उत्साह और भक्ति भाव से निकाली गई। बस स्टैंड से प्रारंभ हुई यह रथयात्रा बस्ती होते हुए चौगान पारा तक पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते चल रहे थे और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान जगन्नाथ के रथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ी में प्रसिद्ध रजूतिया तिहार के रूप में यह आयोजन पूरे क्षेत्र में आस्था का प्रमुख पर्व माना जाता है। रथयात्रा को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। भक्तों ने कहा कि हर वर्ष रथयात्रा की बेसब्री से प्रतीक्षा रहती है। यात्रा के समापन पर भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और भगवान से सुख-समृद्धि की कामना की।





### अर्जुनी में निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा



हरिभूमि न्यूज अर्जुनी। अर्जुनी। बलौदाबाजार विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में 27 जून को रथ यात्रा के पावन पर्व पर भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा भाई बलभद्र की प्रतिमा विराजित थी इस रथ यात्रा की शुरुआत लालबांधा स्थित राम जानकी मंदिर से होकर महामाया मंदिर मावली चौक गांधी चौक बाजार चौक होते हुए बस स्टैंड वीतराग चौक विद्यानगर होते हुए गांव की विभीन्न गलियों का भ्रमण किया गया गलियों में जगह-जगह भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा भाई बलभद्र की विराजित प्रतिमा की पूजा अर्चना श्रद्धालुओं द्वारा की गई। उक्त रथ यात्रा अनिल वैष्णव के मार्गदर्शन में सम्पन्न कराया गया वही रथ यात्रा में गजामूँग का प्रसाद वितरण किया गया।

## कसडोल में निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा, श्रद्धा और भक्ति से गूंजा नगर

**कसडोल**। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रथ यात्रा समिति द्वारा श्री जगन्नाथ भगवान की रैली निकालकर बड़े धूमधाम से पर्व मनाया गया। महाप्रभु जगन्नाथ जी के रथयात्रा की एक झलक पाने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रति वर्ष आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष के द्वितीया से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की रथयात्रा निकाली जाती है। उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी में रथयात्रा महोत्सव को पर्व के रूप में मनाया जाता है तथा यह पर्व 10 दिनों का होता है।

पुरी के बाद कसडोल नगर में भी मनाए जाने वाले रथयात्रा काफी ख्याति प्राप्त है क्योंकि यहाँ पर भी रथयात्रा देखने क्षेत्र के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भी लोग आते हैं। आपको बता दे कि प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा शुक्रवार को शाम 4 बजे पैराडाइज हॉटल आलोक मिश्रा के निवास से निकालकर बजरंग चौक, यूको बैंक, बाजार चौक, गायत्री चौक, सिरपुर रोड, बगदेवी पारा होते हुए सुभाष चंद्र दुबे के निवास तक निकाली गई। निकले रैली में लोग घरों के बाहर भगवान जगन्नाथ जी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान नगर का माहौल भक्तिमय के साथ भगवान का झलक पाने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी।







## पेज 03 के शेष

### ओटगन में निकाली

के साथ यात्रा के लिए निकले जहां भगवान के दर्शन कर ग्रामीण गजा मुंग का प्रसाद लिए। रथयात्रा ग्राम के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस रामजानकी मंदिर पहुंचा। इस दौरान बच्चे व बड़े रथ के सामने झाड़ू लगाते रहे तथा रथ को बारी बारी से खिंचते रहे। उक्त अवसर पर आर एस एस के संदीप वर्मा, श्रीराम सेवक परिवार के विजय सोनवानी, रोहित यादव, ललित मिर्झा, उमेश साहू, केवल निषाद, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुए।

### शिवरीनारायण में भक्तिभाव ...

लिए रवाना हुआ। शिवरीनारायण को भगवान जगन्नाथ जी का मूल स्थान माना जाता है इसलिए दूर दराज के क्षेत्रों से लोग भगवान के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालु भक्तों की बड़ी भीड़ भगवान के दर्शन के लिए उपस्थित हुई लोगों ने भगवान का दर्शन पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

**गजा मूंग का प्रसादः** शिवरीनारायण में रथ यात्रा के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष गजामूंग का प्रसाद श्रद्धालु भक्तों को वितरित किया जाता है। रथ पर सवार त्यागी जी महाराज एवं सुखराम दास जी तथा सहयोगियों ने इस अवसर पर लोगों को प्रसाद वितरित किया।

### बेल्दार सिवनी में ...

इन सब के बीच जहां पुलिस आरोपी को जल्द ही पकडे जाने की दावे कर रही है वही मृतका लाश का जांच उपरांत पंचनामा कार्यवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया ।

### साइबर ठगी को ...

क्र. 429/2025 धारा 420,409,34 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु थाना प्रभारी सिटी कोतवाली को निर्देशित किया गया।

### मोहतरा में लगा...

प्रभारी कसडोल, प्रकाश साहू सहायक आन्तरिक करारोपण अधिकारी कसडोल एवं अतिरिक्त प्रभार पंचायत स्पेक्टर कसडोल , सदन लाल ध्रुव सहायक आन्तरिक करारोपण अधिकारी कसडोल, सुधार राम पटेल सचिव असनिंद, रामनाथ यादव सचिव मोहतरा क आपरेटर किशोर एवं ग्रामीण जन मोहतरा उपस्थित थे। जिसमे महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया ।चलाए जा रहे नशा मुक्ति करण अभियान के तहत आम लोगो को नशा नही करने के लिए प्रेरित किया गया ।जिसमे उपस्थित सदस्यो ने अमल करने का संकल्प लिया ।

## प्रवेशोत्सव व विधाई समारोह में खैरी शाला में दिखा उल्लास





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

शासकीय प्राथमिक शाला खैरी में प्रवेशोत्सव व विधाई समारोह आयोजन किया गया,यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत खैरी के नवनिर्वाचित संरपच चितरेखा लक्ष्मीनारायण घृतलहरे, पालकगण, प्रधानपाठक, शिक्षक व विधार्थी कि उपस्थिति में सम्पादित हुआ ।

सर्वप्रथम मां सरस्वती कि पुजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित कर पुजा किया गया, तत्पश्चात नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 के आरम्भ में संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों को शासन के आदेश निर्देश से अवगत कराते हुए शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार, क्रियान्वयन, शाला संचालन समय व पालन, मध्यान्ह भोजन कि गुणवत्ता व मीनु का पालन, पाठ्य-पुस्तक का वितरण, आइपीआर प्रविष्टि एक पेड़ मां के नाम का गहनता से पालन आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अवगत कराया गया । कक्षा पांचवीं में प्रथम कशिश टंडन 86%,संध्या मनहरे 84%, डिम्पल कोसले 78% स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पानी बाटल, पेन, कापी देकर प्रोत्साहित किया गया एवं पांचवीं कक्षा के सभी बच्चों को विधाई दिया तथा नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराते, गुलाल लगाते हुए गणवेश व पुस्तक वितरण किया गया तथा नन्हे बच्चों के द्वारा मनमोहन देशभक्ति, नृत्य प्रस्तुत किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला खैरी प्रधानपाठक -रामजी नंवरंगे, शिक्षक दिलेश्वर भारद्वाज, शंकरलाल पैकरा, संरपच चितरेखा घृतलहरे, उपसरपंच रामायण डहरिया, मनीष घृतलहरे जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार भीम क्रांतिवीर, पंचः- ज्योति कोसले, माही रात्रे, सावित्री बांधे, अन्नु घृतलहरे, वेदव्यास कोसले, आगसबाई, नरेंद्र घृतलहरे, ललित घृतलहरे आदि ग्रामीण व पालकगण, छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

## बोरसी में हुआ चरण पादुका वितरण कार्यक्रम, पूर्व विस अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल रहे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड के ग्राम पंचायत बोरसी में गुरुवार को वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा चरण पादुका वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद रहे। जिन्हें वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

- 20,783 तेंदूपत्ता संग्राहकों को वितरित किए गए चरण पादुका और प्रमाण पत्र

इसके बाद श्री अग्रवाल ने स भी हितग्राहियों को चरण पादुका का वितरण किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल द्वारा प्राथमिक कृषि सहकारी समिति प्रांगण मे पौधारोपण किया गया। साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में 20 हजार 783 तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरण किया गया साथ ही जय अम्बे मोटर ड्राइविंग स्कूल का अनुभव प्रमाण पत्र भी वितरण किए गए। इसके अलावा मुख्यातिथि श्री अग्रवाल को वनमंडलाधिकारी ने शील्ड भेट किया गया।

कार्यक्रम मे मुख्यरूप से पूर्व विधायक बिलाईगढ़ डॉ सनम जांगड़े, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ अजय राव, कसडोल जनपद पंचायत अध्यक्ष कुसुम पैकरा, बलौदाबाजार जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, सभापति वन जिला पंचायत बलौदाबाजार गीता डोमन वर्मा, कसडोल नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, सरपंच सुनीता पैकरा, जनपद सदस्य सिरपति बरिहा, जिला वनोपज संघ उपाध्यक्ष गंगोत्री देवी साहू, प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, मंडल अध्यक्ष कसडोल डॉ सुदीप मानिकपुरी, कटगी मंडल अध्यक्ष अंजीव जायसवाल, गोमती साहू सहित भाजपा कार्यकर्तागण एवं ग्रामवासी भारी संख्या में मौजूद रहे।






### छत्तीसगढ़ सरकार महत्वाकांक्षी योजना है चरण-पादुका कार्यक्रम

आपको बता दे कि चरणपादुका कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिन्हें भाजपा ने सरकार बनने के बाद लागू करने की बात कही थी गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के वनवासियों के पैरों में कंकड़-पत्थर और कांटे न चुभे, उनके पैरों को चोट से बचाने और उनका जीवन स्वस्थ रखने चरण पादुका योजना के तहत महिलाओं को जूते वितरण किए जा रहे है, इसी तरह बलौदा बाजार वनमण्डल के द्वारा वन परिक्षेत्र सोनाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरसी में चरणपादुका कार्यक्रम के तहत जूते वितरण किए गए। आपको बताते चले कि छत्तीसगढ़ सरकार एक तरफ चरणपादुका योजना के तहत वनवासियों को जुता वितरण कर अपनी योजनाओं पर अमल कर रहा है इसके लिए बाकायदा बजट भी मुहैया सरकार करवा रही है, वही सूत्रों की माने तो दूसरी ओर वन विभाग के अधिकारी चरण पादुका के तहत महिलाओं को हल्की कंपनी के जूते बांटे गए, नाम न छापने की शर्त पर मौजूद महिलाओं ने कहा कि जो जूते मिले वह काफी हल्की क्वालिटी का है, हालांकि अब देखना होगा कि सरकार ऐसे गैरजिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई करता है। इधर कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में नेता, जनप्रतिनिधियों सहित वनविभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### आपदा पीड़ित 3 परिवारों को मिली 12 लाख रु की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार** | प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 26 जून 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वैध वारिसानो में कुंजबती पति स्व. जनकराम साहू, निवासी नेवारी, तहसील सुहेला, लक्ष्मीबाई पति स्व. बसंत ग्राम वटगन तहसील पलारी एवं रामचरण पिता स्व. किशन निवासी ग्राम परसाडीह तहसील लवन शामिल हैं। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### रावन में राजस्व पखवाड़ा शिविर संपन्न

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा** | राजस्व पखवाड़ा शिविर ग्राम पंचायत रावन भवन में रखा गया। जिसमें सम्मिलित ग्राम रावन से आय, जाति, निवास 32 अन्य 15 कुल 47, झीपन से आय, जाति, निवास 19 अन्य 10 कुल 29 और तिल्दाबांधा से फौती 1, आय, जाति, निवास 23, अन्य 5 शिविर में 105 और शेष 1,आवेदनों का निराकरण किया गया। इस दौरान पटवारी हल्का 39, कृष्ण कुमार ध्रुव, हल्का 40 संदीप पैंकरा, हल्का 37 नरेंद्र वर्मा पटवारी के साथ रावन से कोटवार त्रिलोक दास मानिकपुरी, खपराडीह कोटवार रोशन दास, तिल्दाबांधा कोटवार टुकेश्वर उपस्थित सरपंच अमर सिंह नेताम, उपसरपंच टाकेश्वर वर्मा, सचिव नरसिंह वर्मा, पंच तेजस्वी वर्मा, पंच डागेश्वरी, ममता, इंद्राणी, गायत्री, गिरीश, श्यामलाल,राजकुमार वर्मा, कमलेश, दशरथ ,सुरेश, शेषनारायण, नरेश धुरंधर, सत्रुहन, दीपक वर्मा, नकुल वर्मा विश्वनाथ,यदु इत्यादि सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### भक्तों को दर्शन देने निकले स्वामी जगन्नाथ



**नर्रा**। खरियार रोड नगर एवं ग्राम नर्रा में रथयात्रा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। भगवान जगन्नाथ, स्वामी बडे भाई बलभद्र व बहन सुभद्र रथ पर सवार होकर बाजे गाजे के साथ भक्तों को दर्शन देने निकले। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन कर गंजा मूंग नारियल का प्रसाद ग्रहण किया गया।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद**। कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी यशवंत यादव पिता घनाराम यादव (20 साल) निवासी दलदली रोड नयापारा के कब्जे से 24 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1920 रुपए को जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# पत्रकार सम्मान समारोह के नाम पर ठगी, बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने किया सतर्क

## गांव-गांव घूमकर कर रहे थे चंदा वसूली, ग्रामीणों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में फर्जी पत्रकारों द्वारा ठगी और अवैध वसूली किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। स्वयं को पत्रकार बताकर और बलौदाबाजार प्रेस क्लब का नाम लेकर कुछ संदिग्ध लोग गांव-गांव घूमकर पत्रकार सम्मान समारोह के आयोजन के नाम पर आम लोगों, दुकानदारों और अधिकारियों से जबरन चंदा वसूल रहे हैं।

इन लोगों की गतिविधियों पर जब संदेह हुआ तो कई लोगों ने इसकी जानकारी बलौदाबाजार प्रेस क्लब तक पहुंचाई। पड़ताल में यह सामने आया कि जिन लोगों द्वारा पत्रकार संगठन और प्रेस क्लब के नाम का उल्लेख करके वसूली की जा रही है, वे वास्तव में किसी भी मान्यता प्राप्त पत्रकार संगठन या बलौदाबाजार प्रेस क्लब के सदस्य नहीं हैं।

**स्पष्ट बयान – ऐसे किसी आयोजन की कोई योजना नहीं:** बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आमजन को आगाह किया है कि वर्तमान में बलौदाबाजार प्रेस क्लब द्वारा किसी भी प्रकार के पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन नहीं किया जा रहा है। जिन व्यक्तियों द्वारा सम्मान समारोह के नाम पर राशि एकत्र की जा रही है, उनका क्लब से कोई संबंध नहीं है।



### दो ग्रामीणों ने की ठगी की शिकायत

ग्राम कारी निवासी राजकुमार साहू और ग्राम पैजनी निवासी संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि दिनांक 18 जून 2025 को दो अज्ञात व्यक्ति काले रंग की कार में उनके पास आए। उन्होंने अपने आपको बलौदाबाजार पत्रकार संगठन का सदस्य बताया और कहा कि वे /"पत्रकार सम्मान समारोह/" के लिए चंदा इकट्ठा कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उन लोगों ने डराने-धमकाने की कोशिश की और क्रमशः 3100 व 2100 की ठगी कर ली। साथ ही उन्होंने 'जनवादी पत्रकार संगठन' नामक किसी संस्था की रसीद भी दी, जिस पर राष्ट्रीय कार्यालय – ग्वालियर और प्रदेश कार्यालय – रायपुर लिखा हुआ था। लेकिन जब इस संस्था की सच्चाई पता की गई तो सामने आया कि इस नाम से न तो कोई मान्य संगठन क्षेत्र में कार्यरत है और न ही उसका कोई वैध कार्यालय मौजूद है।

## असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उठाई आवाज

# 'नल जल आंदोलन' का आगाज, स्वच्छ पेयजल के लिए पेंड्रावन से सरसीवा तक पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

सरसीवा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों चारभाठा, कोट, बालपुर, सरधाभाठा, बलौदी,पंडरीपाली जैसे अनेकों गांव में स्वच्छ पेयजल की कमी एक गंभीर समस्या बनी हुई है जिसे सरकार के ध्यान में लाने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ ने 25 जून को एक अभूतपूर्व आंदोलन का आगाज किया प्रदेशाध्यक्ष मोहम्मद सिद्दिकी की उपस्थिति मे प्रदेश महासचिव रेशमलाल अजय के सशक्त नेतृत्व में पेंड्रावन से सरसीवा तक की यह पदयात्रा, महज कुछ किलोमीटर का फासला नहीं, बल्कि उन हजारों वंचितों की आवाज़ है जो आज भी जीवन के इस मूलभूत अधिकार से वंचित हैं।

यह आंदोलन 'नल जल योजना'के खोखले दावों को चुनौती देता हुआ, हर घर तक शुद्ध पानी पहुंचाने की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की हर घर नल से जल'योजना प्रशंसनीय है, पर इसकी जमीनी हकीकत निराशाजनक है। कई गांवों में या तो नल लगे ही नहीं, या पानी आता नहीं, या फिर जो पानी आता है वो पीने लायक नहीं होता। इन्हीं विसंगतियों से जूझते हुए, असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ ने ग्रामीणों को संगठित किया। मोहम्मद सिद्दिकी और रेशमलाल अजय ने यह समझा कि जब तक लोग खुद आगे नहीं आएंगे, यह समस्या बनी रहेगी। उनकी प्रेरणा से, इस पदयात्रा का आगाज हुआ, जिसने लोगों में अपने अधिकारों के प्रति एक नई चेतना जगाई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रिआंशु जांगड़े, नरेन्द्र खटकर, अजय यादव, मोतीलाल, शांति श्रीवास, गौरी खुटे, नवीन अजय, राजेन्द्र, अजय, गोलु खान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सिद्दिकी और रेशमलाल अजय ने जागरूकता का दिया संदेश, हर घर तक शुद्ध जल की मांग




### 'नल जल आंदोलन' बन रहा मिसाल

यह पदयात्रा केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह सरकार और प्रशासन पर एक नैतिक दबाव डाल रही है। मोहम्मद सिद्दिकी और रेशमलाल अजय के नेतृत्व में, इसने स्थानीय समुदायों में अपने अधिकारों के प्रति एक अभूतपूर्व जागरूकता पैदा की है। ग्रामीण अब अपनी समस्याओं को खुलकर सामने रख रहे हैं और समाधान के लिए एकजुट हो रहे हैं। यह आंदोलन इस बात का प्रमाण है कि कैसे जमीनी स्तर पर ईमानदार प्रयास, मूलभूत सुविधाओं से वंचित लोगों को उनका हक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उनकी प्रेरणा और अथक कार्य इस आंदोलन को एक जनक्रांति का रूप दे रहे हैं। असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ का यह 'नल जल आंदोलन' छत्तीसगढ़ के लिए एक मिसाल बन रहा है। मोहम्मद सिद्दिकी और रेशमलाल अजय के मजबूत नेतृत्व में, यह उम्मीद की जाती है कि सरकार इस आंदोलन की गंभीरता को समझेगी और जल्द ही प्रभावी कदम उठाएगी। जब तक पेंड्रावन से सरसीवा तक और अंचल के हर कोने में प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ पेयजल का अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। यह सिर्फ पानी का नहीं, बल्कि सम्मान और न्याय का संघर्ष है।

### लापरवाही बरतने वालों पर तय होगी जवाबदेही

यह पदयात्रा पेंड्रावन से शुरू होकर सरसीवा में समाप्त हुआ यात्रा के दौरान, सिद्दिकी और रेशम अजय की अगुवाई में कार्यकर्ता और ग्रामीण नुक्कड़ सभाएं और चौपाल लगाकर लोगों को स्वच्छ पेयजल के महत्व, उनके संवैधानिक अधिकारों और इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए एकजुट होने की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया। वे स्थानीय प्रशासन और सरकार का ध्यानाकर्षण किया कि 'नल जल योजना' को केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। उनकी स्पष्ट मांग है कि हर घर तक स्वच्छ, पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस पदयात्रा के पीछे ठोस मांगें हैः 1. सरसीवा अंचल के हर घर तक नल से जल पहुंचे। 2.'नल जल योजना' के तहत हर घर में कार्यशील नल कनेक्शन हों। 3. नलों में आने वाला पानी न सिर्फ पीने योग्य हो, बल्कि उसकी आपूर्ति भी निर्बाध और पर्याप्त मात्रा में हो। 4. योजना के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर कड़ी कार्यवाही हो। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और एजेंसियों की जवाबदेही तय की जाए।

## रायगढ़ में झेरिया यादव समाज का 28वां प्रदेश स्तरीय आमसभा सम्मेलन 29 जून को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्र 5066 के बैनर तले एक दिवसीय आम सभा एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी धनेश यादव ने बताया की छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्र 5066 के बैनर तले रायगढ़ मे 29 जून 2025 दिन रविवार को चक्रधर नगर थाना के पास पंजरी प्लांट ऑडोटोरियम मे एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय आमसभा सामाजिक सम्मेलन तथा प्रतिभावन छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह जिला इकाई शक्ति, जांजगीर चांपा, रायगढ़ के तत्वाधान मे 28 वा आमसभा एवं सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

- वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, उमेश पटेल समेत कई दिग्गज रहेंगे मंच पर मौजूद

प्रथम सत्र के कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओ पी चौधरी रहेंगे। अती विशिष्ट अतिथि मे राधेश्याम राठिया सांसद रायगढ़ लोकसभा, राम कुमार यादव विधायक चंद्रपुर, प्रदेश संरक्षक झेरिया यादव समाज, देवेंद्र प्रताप सिंह सांसद राज्य सभा, वही कार्यक्रम के अध्यक्षता जगनीक यादव प्रदेशाध्यक्ष करेंगे।

### ये रहेंगे उपस्थित

विशिष्ट अतिथि मानसाय यादव प्रदेशाध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ट, शिखा रविंद्र गबेल जिला पंचायत अध्यक्ष रायगढ़,जीवर्धन चौहान महापौर नगर निगम रायगढ़, डिग्रीलाल साहू, सभापति नगर निगम रायगढ़, महेश साहू पूर्व विधायक प्रत्याशी भाजपा ख़रसिया, भीम शंकर यादव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा शिक्षा प्रकोष्ट, द्वितीय सत्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमेश पटेल पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक खरसिया, अति विशिष्ट अतिथि में राम कुमार यादव विधायक चंद्रपुर, जगनिक यादव प्रदेशाध्यक्ष छ,ग झेरिया यादव समाज, लालजीत सिंह राठिया विधायक धरमजयगढ़, विघावती सिदार, विधायक लैलूंगा, अध्यक्षता डी आर यादव प्रदेश संरक्षक,विशिष्ट अतिथि मे वासुदेव यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य रायगढ़, उर्मिला रविंद्र यादव सभापति पशु धन विकास स्थायी समिति जांजगीर चांपा, कविता महेश यादव जनपद सदस्य जनपद पंचायत तखतपुर की उपस्थित मे कार्यक्रम सम्पन्न होगी।

# मांठ शाला में हुआ भव्य प्रवेशोत्सव और विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

गुरुवार को शाला प्रवेशोत्सव एवं सेवानिवृत्त व्याख्याता फणीन्द्र भूषण पटेल एवं महेन्द्र कुमार साहू का विदाई कार्यक्रम शास. प्राथमिक शाला, शास. पूर्व माध्य. शाला और शास. हाईस्कूल मांठ में संयुक्त रूप से आयोजित हुआ जिसमें कक्षा पहिली, छठवी एवं नवमी के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को ग्राम पंचायत मांठ के सरपंच शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगंण, जनपद पंचायत तिल्दा के उपाध्यक्ष के द्वारा बच्चों को मिठाई खिलाकर, पुस्तक ड्रेस एवं पेन का वितरण किया गया एवं समस्त अतिथियों द्वारा शाला प्रवेशोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

शाला प्रवेशोत्सव के महत्व को बताते हुए शिक्षाविद् अंबिका प्रसाद वर्मा सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक के द्वारा पहले छठवीं एवं नवमी में सभी बच्चों की प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया गया एंव कोई भी बच्चा शाला में प्रवेश लेने से वंचित न रहे इस विषय पर प्रकाश डाला गया। तदोपरान्त शाः प्राथमिक शाला, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय हाई स्कूल गया. माठ के समस्त बच्चों एवं उपस्थित सदस्यों के लिए शाला परिवार की तरफ से नेवता भोज का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी मांठ, शाला प्रबन्धन एवं विकास समिति मांठ के समस्त पदाधिकारी गण, ग्राम पंचायत मांठ के समस्त पदाधिकारी गण, सेवानिवृत्त शिक्षकगण, एवं शास. प्राथ. शाला, शासकीय. पूर्व माध्यमिक शाला एवं शास-हाईस्कूल मांठ के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।



### जल्द शाला भवन निर्माण पर हुई बात

तत्पश्चात शास-हाई स्कूल मांठ के सेवानिवृत्त व्याख्याता फणीन्द्रभूषण पटेल एवं महेन्द्र कुमार साहू का विदाई कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें पटेल सर एवं साहू सर ने अपने शिक्षकीय जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए अपने जीवन में अनुशासन और जीवन में समय के महत्व पर प्रकाश डाला को बच्चों को समझाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों में कृपालता टोप्यो, प्राचार्य सेजस गनियारी के द्वारा सेवानिवृत्त व्याख्याता फणीन्द्र भूषण पटेल एवं महेन्द्र कुमार साहू को उनके उज्जवल भविष्य और अच्छी स्वास्थ्य की कामना की की गई और बच्चों को लगातार शाला आने के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम पंचायत मांठ के सरपंच विनय कुमार वर्मा ने शास. हाईस्कूल मांठ में शिक्षकों की कमी एवं शास हाईस्कूल मांठ के लिए जल्द से जल्द शाला भवन निर्माण करने की बात की गई। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि (जनपद पंचायत तिल्दा) डा. सुरेन्द्र वर्मा द्वारा स्कूल में आने वाली मूलभूत समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन शास. हाईस्कूल मांठ के प्रभारी प्राचार्य आशाराम वर्मा एवं सेवानिवृत्त व्याख्याता भूपेन्द्र कुमार नायक द्वारा किया गया।

### शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों का हुआ भव्य स्वागत



**खरोरा** । शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला बुड़ेनी के संयुक्त तत्वाधान में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम रखा गया जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सरपंच उत्तरा ध्रुव एवं उपसरपंच जनक राम यदु, एसएमसी अध्यक्ष टेनूराम वर्मा ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित एवं पूजा अर्चन कर प्रारंभ किया गया। अतिथियों का सम्मान किया गया तत्पश्चात कक्षा पहली एवं छठवीं बच्चों का गुलाल एवं पुष्प हार से स्वागत किया गया साथ ही कक्षा पहली के बच्चों को पहाड़ा, पेंसिल, डिक्शनरी एवं गणवेश वितरण किया गया। साथी बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को नियमित शाला आने एवं पढ़ाई करने हेतु संदेश दिया गया। बच्चों को मिठाई, खीर, पुड़ी, चांवल, दाल सब्जी, दिया गया इस प्रकार से बड़े हर्ष उल्लास के साथ में शाला प्रवेश उत्सव को मनाया गया ।

# ससहा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से संपन्न

**पलारी**। ग्राम पंचायत ससहा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र मोनू साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत ससहा की सरपंच मिथलेश मुकेश साहू ने की। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा शिक्षा को समाज का आधार बताते हुए नवप्रवेशी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प दोहराया गया।

मुख्य अतिथि महेन्द्र मोनू साहू ने कहा शिक्षा ही एकमात्र माध्यम है जो समाज को प्रगति की दिशा में ले जा सकता है। ग्राम स्तर पर ऐसे उत्सवों से बच्चों के मन में आत्मविश्वास और स्कूल के प्रति आकर्षण बढ़ता है। शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक छात्र तक पहुंचे, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। मिथलेश मुकेश साहू ने कहा संकुल स्तर पर बच्चों के स्वागत का यह आयोजन बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव है। अभिभावकों से आग्रह है कि बच्चों को नियमित स्कूल भेजें और शिक्षा में रुचि बढ़ाएं।



**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रोहित साहू, टेकेश्वरी कुंदन साहू, मुकेश साहू, महेन्द्र साहू, आशु कोशले, नकुल बंजारे, राम खिलावन साहू, चंद्र कुमार साहू, देवचरण साहू, थानू राम साहू, कृष साय जी, खेमलाल साहू, जिकतार खूंटे, उत्तम साहू, उमा साहू, सरोजनी सियारे प्राचार्य, डी. के. डेहरे, समन्वयक खेमू फेकर, हेडमास्टर अरुण साहू, गंगेश्वरी वर्मा, हेडमास्टर ध्रुव साहू, बी. आर. साहू, उमाशंकर साहू, अनुराधा मसुरकर, लक्ष्मी मानिकपुरी, श्वर साहू, रोशनी साहू, ममता सिंह, जी. एन. वर्मा, लेखराम बंजारे, ललित वर्मा, छाया साहू, यू. एल. साहू, लीला साहू, लेश शंकर साहू तथा कोसले सर उपस्थित रहे।

## कारितास इंडिया के सौजन्य से आयोजित हुआ कार्यक्रम

# शिक्षा की ओर एक कदम, छड़िया स्कूल में बच्चों को बांटे गए स्कूल बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

संकुल केंद्र पचरी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में खुशहाल बचपन परियोजना के तहत एक प्रेरणादायक और गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को स्कूल बैग का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम समाजसेवी संस्था कारितास इंडिया के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं वंचित वर्ग के बच्चों को शैक्षिक संसाधनों से सशक्त बनाना और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूती देना है।

- समाजसेवी सुभाषिनी यादव के प्रेरणादायक शब्दों ने बच्चों में भरा आत्मविश्वास



कार्यक्रम में एन जीओ की सक्रिय सदस्य सुभाषिनी यादव उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों को स्कूल बैग प्रदान किए और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में सरल, सजीव और प्रेरणादायक शब्दों में संबोधित किया। उन्होंने कहा, कि शिक्षा ही वह दीपक है जो जीवन के अंधकार को दूर करता है। हम चाहते हैं कि गांव के हर बच्चे के हाथ में कलम हो और पीठ पर बैग। उनकी बातें सुनकर बच्चों की आंखों में आत्मविश्वास की चमक दिखाई दी।

बच्चों ने भी हर्ष और उल्लास के साथ इस सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया और विद्यालय आने की अपनी रुचि तथा पढ़ाई के प्रति बढ़ती जागरूकता को साझा किया। कई बच्चों ने खुशी-खुशी अपने नए बैग दिखाते हुए कहा कि अब वे और मन लगाकर पढ़ाई करेंगे।

### ऐसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए लाभकारी

विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने इस अवसर पर कारितास इंडिया के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। यह न केवल उनके मनोबल को ऊँचा उठाते हैं, बल्कि शिक्षा के प्रति उनकी रुचि को भी गहराई से प्रभावित करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल को ऐसे सहयोग की हमेशा आवश्यकता होती है ताकि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्नाडे और श्रीमती भारती तांती भी उपस्थित रहे ।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
14 जुलाई, 14 अगस्त, 4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411